**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**08.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

**0000000**

**पंचायत रोस्टर**

प्रदेश हाईकोर्ट के आदेशों के बाद राज्य के सभी जिलों में पंचायतों, जिला परिषदों और पंचायत समितियों के लिए नया आरक्षण रोस्टर जारी करने की प्रक्रिया को बीती देर रात पूरा कर लिया गया है। इसी के साथ प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए आरक्षण रोस्टर का इंतजार खत्म हो गया है और पंचायतों, जिला परिषद व पंचायत समितियों के लिए चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। गौरतलब है कि प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में भौगोलिक परिस्थितियों के मददेनजर आरक्षण रोस्टर में पांच प्रतिशत तक फेरबदल करने की शक्तियां उपायुक्तों को दी थीं, जिस पर प्रदेश हाईकोर्ट ने सोमवार को रोक लगा दी थी और नए सिरे से आरक्षण रोस्टर जारी करने के निर्देश दिए थे। इस बीच, रोस्टर प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब राज्य चुनाव आयोग कभी भी चुनावों की तिथि घोषित कर सकता है। प्रशासनिक स्तर पर चुनावों को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इनमें मतदान केंद्रों की व्यवस्था, कर्मचारियों की तैनाती और अन्य जरूरी प्रबंध शामिल हैं।

**प्रतिबंध**

प्रदेश सरकार ने पंचायती राज और स्थानीय शहरी निकाय चुनावों के दृष्टिगत कर्मचारियों के तबादलों पर रोक लगा दी है। मुख्य सचिव की ओर से सभी विभागों को जारी आदेशों में कहा गया है कि अब सामान्य तबादलों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। आदशों में कहा गया है कि चुनाव डयूटी में लगे कर्मचारियों और अधिकारियों को बिल्कुल नहीं बदला जाएगा। यदि किसी परिस्थिति में जरूरी होने पर तबादला करना पड़े, तो इसकी राज्य चुनाव आयोग से पूर्व अनुमति लेनी जरूरी होगी।

**हिमाचल दिवस**

हिमाचल दिवस का राज्य स्तरीय समारोह इस बार 15 अप्रैल को किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में होगा। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि हिमाचल दिवस के मौके पर जिलों में ध्वजारोहण की जिम्मेवारियां भी सौंप दी गई हैं।

**मनाली स्ट्रे एनिमल**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कुल्लू घाटी में हर वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक घूमने पहुंचते हैं। ऐसे में किसी भी व्यस्त महानगर अथवा शहरों की तर्ज पर यहां भी सड़क पर घूमने वाले बेसहारा जानवर अक्सर वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। यही नहीं पूरी कुल्लू घाटी खासकर मनाली व आसपास के इलाकों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ–साथ बेसहारा पशुओं की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में इनकी संख्या को नियंत्रित करने के लिए मनाली स्ट्रे नामक संस्था बीते सात वर्षों से इनकी नसबंदी और घायल होने की स्थिति में उनके इलाज में जुटी हुई है।

**अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट–**

**डिस्पैच–एक मिनट**

***कुल्लू जिला लेफ्ट बैंक के हरिपुर गाँव में बेसहारा पशुओं की सेवा,चिकित्सा एवं आश्रय प्रदान करने में मनाली स्ट्रेज़ नामक गैर सरकारी संगठन सराहनीय कार्य कर रहा है स कमलेश और बेकी द्वारा 2019 में एक मोटरबाइक से शुरू की गई यह संस्था पिछले 7 वर्षों से बेहतरीन कार्य कर रही है। इस संस्था की 15 सदस्यीय टीम है जो समय–समय पर आवारा कुत्तो की नसबंदी करती है तथा साथे ही घायल पशुओ का ईलाज भी करती है स अब तक संस्था ने लगभग 8,000 से 9,000 पशुओं का टीकाकरण (टंबबपदंजपवद) किया है। लगभग 4,000 से 5,000 पशुओं का नसबंदी (ैजमतपसप्रंजपवद) अभियान सफलतापूर्वक चलाया है। संस्था के पास आधुनिक सुविधाएं जैसे डॉग पाउंड, एक्सरे, और ऑपरेशन थिएटर (व्ज) उपलब्ध हैं। मनाली स्ट्रेज़श का श्इंडियन वेटरनरी स्टूडेंट एसोसिएशनश के साथ अनुबंध है, जिसके तहत पिछले वर्ष 50–60 छात्रों को ऑन–जॉब ट्रेनिंग दी गई थी। इस वर्ष लगभग 100 छात्रों के आने की उम्मीद है। इस वर्ष यूके स्थित श्वर्ल्ड वाइड वेटरनरी सर्विसश के मास्टर ट्रेनर्स भी यहाँ आकर स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण देंगे। संथा के साथ काफी संख्या में पशु प्रेमी भी जुड़े हुए है तथा जिला प्रशासन द्वारा भी संस्था का सहयोग किया जाता है। आकाशवाणी समाचार के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा***

**मौसम**

हिमालय क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के जनजातीय और अधिक उंचाई वाले इलाकों में आज तीसरे दिन भी रूक–रूक कर बर्फबारी का दौर जारी है, जबकि प्रदेश के मैदानी व मध्यम उंचाई वाले इलाकों में बीती रात से लगातार वर्षा हो रही है। प्रसिद्ध पर्यटक स्थल मनाली, अटल टनल रोहतांग, कुफरी, नारकंडा और खड़ापत्थर में आज सुबह से रूक–रूक कर हल्का हिमपात हो रहा है। जबकि राजधानी शिमला में बीती रात से वर्षा हो रही है। जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति में हो रही बर्फबारी के कारण कई प्रमुख मार्गों सहित 26 सड़कें यातायात के लिए बंद हो गई हैं। जिला प्रशासन ने मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए स्थानीय लोगों खासकर पर्यटकों को बेवजह यात्रा से बचने की सलाह दी है। प्रशासन ने ये भी कहा है कि यात्रा से पहले लोग सड़कों की जानकारी जरूर लें। किन्नौर जिला की उंची चोटियों पर भी बीती रात से हल्का हिमपात हो रहा है। सिरमौर जिला में हो रही व्यापक वर्षा ने गेहूं और स्ट्रॉबरी उत्पादकों की चिंता बढ़ा दी है। प्रदेश में हो रही व्यापक वर्षा

और बर्फबारी से तापमान में जोरदार गिरावट आई है और लोगों को अप्रैल महीने में भी दिसंबर जैसी सर्दी का अहसास हो रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आज तीन जिलों शिमला, मंडी और कुल्लू में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा और ओलावृष्टि का आरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कांगड़ा और सोलन जिलों में भी ओलावृष्टि का आरेंज अलर्ट जबकि उना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा और सिरमौर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

## तबादला

प्रदेश हाईकोर्ट ने बीती देर शाम बड़ा फेरबदल करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीशों, अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीशों, वरिष्ठ सिविल जजों और सिविल जजों के तबादले किए हैं। हाईकोर्ट ने कुल 61 न्यायाधीशों को स्थानांतरित किया है।

## हरोली उत्सव

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव इस बार 11 से 14 अप्रैल तक हरोली में सोमभद्रा नदी के तट पर आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय इस उत्सव के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा, जिसमें हिमाचल के अलावा पंजाबी और पार्श्व गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें प्रसिद्ध पंजाबी गायक गिप्पी ग्रेवाल और एमी विर्क भी शामिल हैं। हरोली के एसडीएम विशाल शर्मा ने बताया कि वैशाखी पर्व से जुड़े इस आयोजन में ट्रेड फेयर, खेल गतिविधियों और रोजगार मेले का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरोली उत्सव के उपलक्ष्य में 13 अप्रैल को हरोली उपमंडल में स्थानीय अवकाश रहेगा।